## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 04.09.2024



# विकास प्राधिकरण की जांच में 151 बेसमेंट में मिले वाहन पार्किंग

## अभियान चलाकर 261 बेसमेंट संचालकों को जारी किया था नोटिस

जागरण संवाददाता, वाराणसी : बेसमेंट में कारोबार करने वालों के खिलाफ पिछले एक माह में चलाए गए अभियान में 261 संचालकों को नोटिस थमाया गया था। वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार जोनवार बेसमेंट का स्थलीय निरीक्षण कराया तो मौके पर 151 बेसमेंट में वाहन पार्किंग मिला। अन्य बेसमेंट संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। बेसमेंट में कारोबार मिलने पर जोनल अधिकारी और अवर अभियंता को दोषी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली के राजेंद्र नगर में बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से तीन बच्चों की मौत होने पर बनारस में बेसमेंट में कारोबार करने वालों के खिलाफ विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की थी। स्वयं वीडीए उपाध्यक्ष और वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने कई बेसमेंट का निरीक्षण कर कारोबार बंद करने का निर्देश दिया था। बेसमेंट में कारोबार बंद नहीं होने पर वीडीए ने मुकदमा दर्ज कराने के साथ सील तक किया। हालांकि, बाद में तय हुआ कि बेसमेंट सील करने की बजाय उसमें प्राथमिकता पर वाहन पार्किंग कराएं।

**हर 15 दिन पर बेसमेंट की होगी समीक्षा :** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने सभी जोनल अधिकारियों को चिह्नित बेसमेंट में हरहाल में वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

साथ ही बेसमेंट बने अन्य भवनों को चिह्नित कर सख्ती से कार्रवाई करें। हर 15 दिन पर बेसमेंट की अलग से समीक्षा की जाएगी। इसके लिए जोनल अधिकारी और अवर अभियंता जिम्मेदार होंगे। टैगोर टाउन कालोनी में सुधा सर्जिकल अस्पताल, मकबूल आलम रोड शुभम हास्पिटल, त्रिमूर्ति अस्पताल में वाहन पार्किंग मिला।

सुधा सर्जिकल अस्पताल के बेसमेंट का निरीक्षण करते जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश • जागरण

**अब तक हुई कार्रवाई**

| | |
|---|---|
| बेसमेंट की जांच | 261 |
| खाली कराए गए | 151 |
| सील किए गए | 05 |
| नोटिस की सुनवाई | 85 |
| बेसमेंट नहीं | 03 |
| शमन दाखिल | 01 |
| संचालन बंद | 04 |
| शपथ पत्र | 12 |

- कारोबार बंद नहीं होने पर भवन स्वामी के खिलाफ होगा मुकदमा
- पार्किंग न मिलने पर जोनल अफसर व अवर अभियंता होंगे जिम्मेदार

"बेसमेंट होने के बाद भी दुकानदार ग्राहकों के वाहन सड़क पर पार्किंग कराते हैं जिससे जाम लगता है। बेसमेंट में वाहन पार्किंग होने से काफी हद तक जाम से राहत मिलेगी।
-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

### अमर उजाला–दि0 04.09.2024



# रथयात्रा से कमच्छा तक चौड़ी होगी सड़क

वाराणसी। वीडीए रथयात्रा से कमच्छा तिराहे तक की सड़क चौड़ी करेगा। मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अफसरों के साथ सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने रथयात्रा से गुरुद्वारा होते हुए कमच्छा तिराहा और जल संस्थान तिराहे से रणवीर संस्कृत विद्यालय व काशी राज अपार्टमेंट तक निरीक्षण किया। अफसरों से जल्द सड़क चौड़ीकरण की रिपोर्ट बनाने को कहा। जल्द ही इन सड़कों को चौड़ा किया जाएगा। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 04.09.2024

### वीडीए में योगेश पटेल होंगे नए एक्सईएन

**गाजियाबाद/वाराणसी।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत एक्सईएन योगेश पटेल का तबादला वीडीए में हुआ है। योगेश पटेल जल्द ही कार्यभार संभालेंगे। कुछ दिन पूर्व ही उनको असिस्टेंट इंजीनियर से प्रमोट करके एक्सईएन बनाया गया था।

## आज–दि0 04.09.2024

### रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग होगा चौड़ा

**विप्रा उपाध्यक्षने किया निरीक्षण**

विकास प्राधिकरण शहरकी सड़कोंको चौड़ा करनेका मुहिम छेड़ दिया है। मंगलवारको उपाध्यक्ष पुलकित गर्गने रथयात्रासे गुरुबाग होते हुए कमच्छा तिराहा, जलसंस्थान तिराहेसे रणवीर संस्कृत विद्यालय होते हुए काशी राज अपार्टमेंटका निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि यहांपर सड़क सकरी हो जानेसे अक्सर जामकी स्थिति पैदा हो जाती है। निरीक्षणके दौरान रणवीर संस्कृत विश्वविद्यालयके प्रधानाचार्यने विप्रा उपाध्यक्षको आश्वासन दिया कि सड़क चौड़ी करनेमें वह अपना भरपूर सहयोग करेंगे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 04.09.2024

### सड़क चौड़ीकरण को लेकर वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**वाराणसी।** सड़क चौड़ीकरण के संबंध में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को रथयात्रा से गुरुद्वारा होते हुए सीएचएस गर्ल्स स्कूल व कमच्छा तिराहा एवं जल संस्थान तिराहे से होते हुए सीएचएस ब्वायज स्कूल, रणवीर संस्कृत विद्यालय तथा काशी राज अपार्टमेंट होते हुए रथयात्रा तक स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान जहां कहीं पर भी सड़क चौड़ीकरण करने की संभावना दिखी उसे वीडीए उपाध्यक्ष की तरफ से अधीनस्थों को नोट कराया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता बीएचयू, रणवीर संस्कृत विद्यालय, सीएचएस ब्वायज स्कूल एवं सीएचएस गर्ल्स स्कूल के प्रिंसिपल तथा प्राधिकरण की टीम उपस्थित रही।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनसंदेश टाइम्स–दि0 04.09.2024

## गुरुद्वारा से कमच्छा जलसंस्थान-रथयात्रा मार्ग का होगा चौड़ीकरण

### वीडीए उपाध्यक्ष ने लाव लश्कर के साथ किया निरीक्षण

वाराणसी। शहर के गुरुद्वारा से कमच्छा जलसंस्थान-रथयात्रा मार्ग जल्द चौड़ा होगा। इसके लिए वीडीए ने जहां पूरी तैयारी कर ली है, वहीं इस रास्ते को चौड़ा करने के विभाग के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर रूपरेखा भी बना लिया है। इसको लेकर विभाग की टीम के साथ वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग गुरुद्वारा होते हुए अचानक कमच्छा जलसंस्थान तिराहे के पास पहुंचे। जहां उस मार्ग की कम चौड़ाई को देखा और लोगों को जाम से हो रही परेशानी को जाना। इस दौरान रथयात्रा से गुरुद्वारा स्थित सीएचएस स्कूल होते हुए कमच्छा तिराहा और जल संस्थान तिराहे से सीएचएस ब्वायज स्कूल, रणवीर संस्कृत विद्यालय तथा काशी राज अपार्टमेंट होते हुए रथयात्रा तक के मार्गो का स्थलीय निरीक्षण किया और उस मार्ग को चौड़ा किये जाने के बारे में वार्ता की और जल्द इस कार्य को किये जाने की व्यवस्था बनाये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता वीएचयू,रणवीर संस्कृत विद्यालय, स्कूल के प्रिंसिपल और वीडीए की टीम उपस्थित रही।

